दुनिया का हर सुख मेरे बाबा | By Vijay Kalra

दुनिया का हर सुख मेरे बाबा तुमने मुझ पर वार दिया
मेरे नसीबो से भी ज्यादा तुमने मुझको प्यार किया

अपनों की जब ठोकर खाई हार के दर तेरे आया था
पूछी ना तूने जात धरम बस दिल से मुझे अपनाया था
भूले से भी भूल ना पाऊं तूने जो उपकार किया
दुनिया का हर सुख मेरे बाबा तुमने मुझ पर वार दिया

कोई नहीं पहचान थी मेरी बस आँखों में आंसू थे
कोई नहीं है जग में अपना यही सोच कर रोते थे
पर ये साबित किया गलत तूने जब मुझको दरबार दिया
दुनिया का हर सुख मेरे बाबा तुमने मुझ पर वार दिया

बीच भवर में नाव फसी थी दूर बड़ा किनारा था
एक भरोसा तेरा था बस तू ही एक सहारा था
दर्श का माझी बन कर बाबा भव सागर से पार किया
कालरा का माझी बन कर बाबा भव सागर से पार किया
दुनिया का हर सुख मेरे बाबा तुमने मुझ पर वार दिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%96-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by/